प्रारूप-1.5

# NOTE FOR JUSTIFICATION

कार्य का नाम :– जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिलंगना में चमियाला–इन्द्रवाणगांव कांगड़ा मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव लम्बाई 10.00 कि0मी0।

उक्त प्रभावित मोटर मार्ग ग्राम– चमियाला, इन्द्रवाण गांव एंव कांगडा से होकर गुजरता ह जिनकी आबादी लगभग 2200 है। यह मार्ग राज्य मार्ग संख्या– 15 के कि0मी0–89.00 से प्रारम्भ होता है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में गांव की महिलाएं पानी,लकडी,चारा आदि लेने के लिये दूर जाती है। मार्ग निर्माण के पश्चात उनका बहुमूल्य समय बचेगा,साथ ही वे अपने घर और बच्चों को अधिक समय दे पाएंगी,जिससे कि बच्चो का लालन–पालन तथा पठन पाठन ठीक से होगा। गांव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नए अवसर मिलेंगें। ग्रामवासी अपने उत्पादित फल,सब्जी,अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पाएंगे साथ ही गांव विकास की ओर अग्रसर होगा एंव स्थानीय लोगो को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

दोनो समरेखण आरक्षित वन भमि से होकर गुजर रहे है प्रथम संमरेखण को चयनित करने का कारण यह है कि द्वितीय समरेखण के सापेक्ष प्रथम संमरेखण में वन भूमि कि लंबाई कम पढ रही है साथ ही आरक्षित वन भूमि में मोटर मार्ग के निर्माण का कारण यह भी है कि मोटर मार्ग के निर्माण के फल स्वरूप वन विभाग के क्रर्मचारियों को भी वनों की सुरक्षा हेतू कोई कठिनाई नहीं होगी अन्य वैकल्पिक भूमि न होने के कारण समरेखण आरक्षित वन भूमि एंव सिविल भूमि से होकर गुजरता है।समरेखण के अन्तर्गत कोई मकान, मन्दिर, मस्जिद एंव कब्रिस्तान का भाग नही पडता हैं।

उक्त मोटर मार्ग की लम्बाई 10.00 कि0मी0 है तथा मार्ग की चौडाई 7.00,9.00 मी0 ली गई है। मार्ग के निर्माण में 3.997 हे0 आरक्षित वन भूमि, 0.700 हे0 सिविल भूमि एंव 2.961 हे0 नाप भूमि प्रभावित होती है। उक्त प्रयोजनार्थ इस भूमि हेतु निम्नतम समरेखणो पर विचार किया गया है।

समरेखण नं0:– 1 इस समरेखण के अनुसार यह नव निर्मित मोटर मार्ग जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिलंगना में राज्य मार्ग संख्या– 15 के कि0मी0–89.00 से प्रारम्भ होता है। मार्ग की लम्बाई 10.00 कि0मी0 है तथा निर्माण की लागत भी कम है। इस समरेखण में 10 हेयर पिन बैण्ड प्रस्तावित है साथ ही तकनीकी दृष्टि एवं मानको के अनुसार मोटर मार्ग का ग्रेड भी रखा गया है जिससे मोटर मार्ग के निर्माण से अधिकाधिक आबादी भी लाभान्वित होगी इसके अनुसार मोटर मार्ग की लम्बाई भी कम आती है साथ ही इस समरेरखण से समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि में सहमत है।

समरेखण नं0:– 2 इस समरेखण के अनुसार यह नव निर्मित मोटर मार्ग भी जनपद टिहरी गढवाल के विकास खण्ड भिलंगना में राज्य मार्ग संख्या– 15 के कि0मी0–89.00 से शुरू होकर स्वग्रह तक 15.00 कि0मी0 लम्बाई पूर्ण करता है इस समरेखण में 14 हेयर पिन बैण्ड प्रस्तावित है समरेखण की लम्बाई अधिक होने के कारण तथा समरेखण का अधिकतर भाग वन क्षेत्र, नाप भूमि से होकर गुजर रहा हैं साथ ही मार्ग का कुछ भाग कच्ची भूमि से होकर भी गुजरता है। इस समरेखण में मोटर मार्ग के निर्माण के फलस्वरूप वृक्ष, कृषि योग्या भूमि अधिक प्रभावित होगी। तकनीकी दृष्टि एवं मानको के अनुसार मोटर मार्ग का ग्रेड भी सही

नहीं मिलता है। एवं अधिक से अधिक आबादी भी लाभन्वित नहीं हो रही है इस समरेरखण से समस्त ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि में सहमत नहीं है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता,<br>अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली | सहायक अभिन्ता,<br>अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली | अधिशासी अभियन्ता,<br>अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली |